NT>

Title: Requests the Central Government to provide relief to the flood affected areas of Uttar Pradesh.

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में आई प्रलयंकारी बाढ़ की ओर दिलाना चाहता हूं। बाढ़ आने के समय में उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार ने बाढ़ पीड़ितों को राहत देने के लिए एक योजना बनाई थी।

उस योजना के तहत प्रदेश में जिनकी फसल बरबाद हो गई थी, प्रत्येक बाढ़पीड़ित परिवार को १५०० रूपये की सहायता, जिसमें १००० रूपये नकद और ५०० रूपये का कपड़ा तथा अन्य सामान देने का निर्णय हुआ था। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार का कहना है कि बजट में पैसा नहीं है, जिसके कारण वह सहायता देने का काम बंद हो गया। एक तरफ खाद और बीज के लिए हाहाकार है, लोगों को मुफ्त खाद और बीज नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ प्रधान मंत्री आदरणीय श्री अटल जी ने गोरखपुर नगर में जाकर सार्वजनिक घोषणा की थी कि भारत सरकार बाढ़पीड़ितों को दो सौ करोड़ रूपये देगी। राज्य सरकार का कहना है कि केन्द्र सरकार ने उसे यह राशि मुहैया नहीं कराई है, जिसके कारण बीज खाद और अन्य सहायता देने से उत्तर प्रदेश सरकार मना कर रही है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने जो घोषणा की है, उसको पूरा किया जाए।

सभापति महोदय : आप सरकार से मांग करिये, आपको लम्बा भाषण नहीं करना है।

श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) : सभापति महोदय, चूंकि यह घोषणा प्रधान मंत्री जी ने की थी और वह लागू नहीं हो रही है और उत्तर प्रदेश सरकार कहती है कि पैसा नहीं है।

MR. CHAIRMAN : Nothing will go on record.

(Interruptions)*